दिनांकः 17.07.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह आज जयपुर के दादिया गांव में सहकारिता और रोजगार उत्सव में भाग लेंगे–विभिन्न सुविधाओं और योजनाओं का लोकार्पण करेंगे।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024–25 पुरस्कार प्रदान करेंगी–सुपर स्वच्छ लीग शहर में डूंगरपुर नगर परिषद भी नामित।
- केन्द्र सरकार दस लाख नागरिकों को निःशुल्क आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रशिक्षण देगी–इनमें ग्राम स्तरीय उद्यमियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
- प्रदेश के पूर्वी भागों में आज से भारी बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी की संभावना।

..........................

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह आज जयपुर के दादिया गांव में आयोजित सहकारिता और रोजगार उत्सव में शामिल होंगे। कार्यक्रम में श्री शाह सहकारिता के क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं और ढांचागत सुविधाओं का शुभारंभ करेंगे। इनमें अन्नभंडारण योजना के तहत 24 गोदाम और श्री अन्न के प्रोत्साहन के लिए 64 मिलेट्स आउटलेट्स का लोकार्पण शामिल है। गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 1 हजार 400 लाभार्थियों को 12 करोड़ रुपये के ऋण वितरण के साथ ही दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों को 2 हजार से ज्यादा माइक्रो एटीएम दिये जाएंगे। श्री शाह श्वेत क्रांति 2.0 पीडीसीएस ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की लाँचिंग करेंगे। वे थानों, सशस्त्र बलों, ट्रुप कैरियर तथा प्रशिक्षण के लिए सौ नए वाहनों को झंडी दिखाएंगे। केन्द्रीय मंत्री आठ हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियों के नियुक्ति पत्र भी सौंपेंगे। श्री शाह का सभा स्थल पर लगाई गई सहकारिता विभाग की योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन का भी कार्यक्रम है। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मंत्रिमंडल के कई सदस्य और जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम को देखते हुए यातायात और सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम किये गये हैं।
विभिन्न जिलों में भी सहकार और रोजगार उत्सव के कार्यक्रम होंगे। जयपुर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम का इनमें सीधा प्रसारण किया जाएगा।
श्री शाह के दौरे के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने कल दादिया में सभा स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर श्री शर्मा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सरकार आमजन से संकल्प पत्र में किए गये वादों को पूरा कर रही है।

..........................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली में प्रतिष्ठित स्वच्छ सर्वेक्षण 2024–25 पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस कार्यक्रम में शहरी भारत के सबसे स्वच्छ शहरों को सम्मानित किया जायेगा और स्वच्छ भारत मिशन–शहरी को आगे बढ़ाने के प्रयासों को मान्यता दी जायेगी। इस वर्ष ये पुरस्कार चार श्रेणियों में दिये जाएंगे। इनमें सुपर स्वच्छ लीग शहर और अधिक जनसंख्या वाले पांच शहरों में से शीर्ष तीन स्वच्छ शहर शामिल हैं। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने कहा है कि इस वर्ष कुल 78 पुरस्कार दिये जाएंगे।
पुरस्कार पाने वालों में डूंगरपुर नगर परिषद भी शामिल है। सर्वेक्षण में 50 हजार से कम आबादी वाले शहरों में डूंगरपुर को सुपर स्वच्छ लीग सिटी में नामित किया गया है। परिषद के सभापति अमृत कलासुआ और उनकी टीम दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में यह सम्मान प्राप्त करेगी।

..........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार किसानों के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना को इस दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बताया। सोशल

मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि इससे पिछड़े जिलों में फसल–उत्पादन को बढावा मिलेगा। साथ ही खाद्यान उपलब्ध कराने वालों की आय में भी बढोत्तरी होगी। यह योजना नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम से प्रेरित है और यह अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है जो विशेष रूप से कृषि और संबद्ध क्षेत्रों पर केंद्रित है।
सरकार के बयान में कहा गया है कि इस योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता को बढ़ाना, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाना, पंचायत और ब्लॉक स्तर पर फसल कटाई के बाद भंडारण को बढ़ाना, सिंचाई सुविधाओं में सुधार करना और दीर्घकालिक तथा अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता को सुगम बनाना है।
गौरतलब है कि कल केन्द्रीय कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना को मंजूरी दी गई थी। इस योजना पर 24 हजार करोड़ रूपये खर्च किये जायेंगे।

..........................

केन्द्र सरकार दस लाख नागरिकों को निःशुल्क आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रशिक्षण देगी। इसमें ग्राम स्तरीय उद्यमियों को प्राथमिकता दी जाएगी। केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल नई दिल्ली के यशोभूमि सम्मेलन केंद्र में डिजिटल इंडिया के 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'सीएससी दिवस' कार्यक्रम में यह बात कही। श्री वैष्णव ने सामान्य सेवा केंद्र कार्यकर्ताओं के प्रयासों और उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि देशभर के ग्राम स्तरीय उद्यमियों ने डिजिटल इंडिया का लाभ प्रत्येक नागरिक तक पहुँचाकर एक उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

..........................

प्रदेश के पूर्वी भागों में आज से भारी बारिश की गतिविधियों में बढोतरी होने की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आज कोटा और भरतपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश की आशंका है। कल भी इन संभागों में कहीं–कहीं भारी तथा अतिभारी बारिश होने और अजमेर, उदयपुर, जयपुर संभाग के कुछ भागों में मध्यम बारिश की संभावना है। इस बीच पिछले 24 घंटों में विभिन्न स्थानों पर मॉनसून की बारिश का दौर जारी रहा। लगभग एक दर्जन शहरों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। सबसे ज्यादा 54 मिलीमीटर बारिश धौलपुर के मनिया में दर्ज की गई। जयपुर, टोंक, चित्तौडगढ़, जोधपुर, फलौदी, बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, धौलपुर, करौली, भरतपुर सहित कुछ अन्य जगहों पर बरसात हुई। बारिश के चलते जल स्त्रोतों में पानी की अच्छी आवक हो रही है। बीसलपुर बांध में 6 सेंटीमीटर पानी की आवक हुई है। इससे बांध का जलस्तर बढकर 314 दशमलव दो–दो आरएल मीटर हो गया है।

..........................

हरियाली को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से प्रदेश के कई राज्य राजमार्गों को पौधरोपण के लिए चिह्नित किया गया है। हमारे जैसलमेर संवाददाता ने बताया कि इसके तहत पोकरण–फलसुंड राजमार्ग पर करीब 50 किलोमीटर तक पौधरोपण किया जाएगा।

..........................

सलूंबर जिले में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए "सखी वन स्टॉप सेंटर" की शुरूआत की गई है। सांसद मन्ना लाल रावत ने इस केन्द्र का उद्घाटन किया। इस केन्द्र के माध्यम से घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को परामर्श और अस्थाई आश्रय दिया जाएगा।

..........................